दिल्ली न्यूज़ 7
सबके साथ सबकी बात

शनिवार, 4 मार्च 2023 ई-मेल : dillinews7editor@gmail.com www.dillinews7.in

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत माता के सपूत स्व. जय करण शर्मा की जीवनी का किया विमोचन






नई दिल्ली (संवाददाता)। केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वर्गीय जय करण शर्मा के प्रेरणादायक जीवन पर लिखी पुस्तक का एक रंगारंग समारोह में विधिवत विमोचन किया। श्री जय करण शर्मा चेतक समूह के संस्थापक थे और उनकी उद्यमशीलता तथा दानवीरता के किस्से दूर-दूर तक सुनाये जाते हैं। इस पुस्तक का विमोचन करके नितिन गडकरी ने उनकी सफल जीवन यात्रा को सम्मान दिया। इस अवसर पर श्री जय करण शर्मा की पत्नी श्रीमती कृष्णा शर्मा भी उपस्थित थीं। श्री जय करण शर्मा का अक्टूबर 2020 में निधन हो गया था।

जाने-माने हिन्दी पत्रकार मधुरेन्द्र सिन्हा ने जय करण शर्मा की यह जीवनी लिखी है। इस पुस्तक के विमोचन पर हरियाणा के परिवाहन मंत्री मूल चंद शर्मा भी उपस्थित थे। उनके अलावा श्री जय करण शर्मा के तीनों पुत्र मुकेश हरितिश, राजेश हरितिश तथा सचिन हरितिश भी मौजूद थे। इंडिया पोटाश के एमडी पीएस गहलौत, पुस्तक के प्रकाशक प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार तथा ऑटोमोबाइल जगत की नामी-गिरामी हस्तियां और श्री शर्मा के दर्जनों दोस्त भी उपस्थित थे।

कर्म योद्धा जय करण के नाम से प्रकाशित इस पुस्तक में श्री जय करण शर्मा के अनुकरणीय जीवन के बारे में विस्तार से लिखा गया है। वह हरियाणा के एक छोटे से गांव झिंझर में एक किसान के घर पैदा हुए और उन्होंने बिना किसी पूंजी के और बिना किसी के सहारे के चेतक समूह खड़ा कर दिया जो आज भारत का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स समूह है।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने कहा कि मुझे श्री जय करण शर्मा जी के जीवन पर लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वह माटी के सपूत थे और उन्होंने अपनी सफलता की नींव स्वंय रखी। ग्रामीण परिवेश के जय करण के पास बहुत ही कम साधन थे लेकिन उन्होंने बहुत संघर्ष किया और आगे बढ़ते चले गये। उन्होंने एक कंपनी बनाई जिससे बहुत लोगों को रोजगार भी मिला तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा। ऐसे लोग विरले होते हैं और देश में विकास लाने के सरकार के प्रयासों में मदद करते हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि यह पुस्तक जो उनके जीवन के संघर्षों और सफलताओं को बयां करती है, आज के युवा वर्ग को प्रेरित करेगी ताकि वे भी उनकी तरह उद्यमी बनें और विभिन्न सरकारी नीतियों का लाभ उठायें तथा रोजगार लेने की बजाय उसे सृजित करें।

श्री जय करण शर्मा ने देश में ट्रांसपोर्ट उद्योग को एक संगठित उद्योग बनाया और भारत में पहली बार लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र को बढ़ावा दिया। उन्होंने देश की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनी बनाई और उसमें ही मल्टी मोडल ट्रांसपोर्टेशन, वेयर हाउसिंग, पैकेजिंग तथा इन टाइम सॉल्यूशन की व्यवस्था की जिसकी शुरूआत उन्होंने 1980 से ही करनी शुरू कर दी थी। कम शिक्षा के बावजूद वह अपने काम में निपुण थे और गजब के दूरदर्शी थे तथा समय से आगे चलते रहे।

इस अवसर पर उनके जीवन पर कचुपुड़ी नृत्य के महारथी और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गुरू पसुमर्ती और उनकी पत्नी डा. भारती विट्ठल की योग्य शिष्या सुश्री निहारिका सफाया ने एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। तबले पर उनका साथ दिया चतुरलाल घराने के सिद्धहस्त तबला वादक प्रांशु ने। सभा का सुंदर संचालन किया दूरदर्शन की जानी-मानी ऐंकर श्रीमती लका सिन्हा ने इस अवसर पर देश की सभी ऑटोमोबाइल कंपनियों से जुड़े दिग्गज उपस्थित थे। चेतक समूह की चेयर पर्सन श्रीमती कृष्णा शर्मा जी ने पुस्तक के विमोचन के लिए नितिन गडकरी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इससे शर्मा जी के अथक परिश्रम तथा लगन को राष्ट्रीय मान्यता मिली है। हम उनके हृदय से आभारी हैं। वहीं उनके संबंधी एडवोकेट एम.पी. शर्मा अपने व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वह अनिल कार्गो प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी-मानी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के सीएमडी हैं। वह अपने व्यवसाय के साथ कई सामाजिक कार्य जैसे गरीब कन्याओं की शादी, स्कूलों में स्वेटर को वितरण, वाटर कूलर का लगाना तथा गायों के लिए गौशाला का निर्माण जैसे कई कार्यों में स्वयं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।